जपले राम नाम भाई

देरी ना कर पगले, सुमर ले राम नाम भाई,
राम नाम भाई सुमर ले राम नाम भाई,
राम के सुमरण से अनेको ने मुक्ति पाई,
देरी ना कर पगले, सुमर ले राम नाम भाई.....

राम नाम की दौलत प्यारे,
जमके दोनों हाथ कमारे,
सारे जतन बेकार राम का सुमरण सुखदाई,
देरी ना कर पगले, सुमर ले राम नाम भाई.....

इन साँसों की बना के माला,
राम भजन का हो मतबाला,
झूठे बेर खिलाये राम को तरी शबरी बाई,
देरी ना कर पगले, सुमर ले राम नाम भाई.....

तेरी कोठी तेरी हवेली,
बन जाएगी एक पहेली,
वो पहुँचा हरि के धाम राम महिमा जिसने भी गाई,
देरी ना कर पगले, सुमर ले राम नाम भाई.....

राम नाम को नावँ बनाले,
अपनी खोई मंजिल पा ले,
भूलन करो विचार करेगे पार रघुराई,
देरी ना कर पगले, सुमर ले राम नाम भाई.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31403/title/japle-ram-naam-bhayi

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |